दिनांकः 05.05.2024
समय : 01:00 पी.एम.
प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर से

प्रदेश में गर्मी के असर में बढ़ोतरी हुई है। विभिन्न स्थानों पर तेज धूप के कारण जनजीवन प्रभावित हो रहा है। मौसम विभाग ने गर्मी का अलर्ट भी जारी किया है। आगामी दो दिन में अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री की बढोतरी होने की संभावना है। पिछले 24 घंटों में कई जगह पारा 40 डिग्री के पार पहुंच गया है। सबसे ज्यादा 42 दशमलव 7 डिग्री सेल्सियस तापमान पिलानी में रिकॉर्ड किया गया।

प्रदेश के विभिन्न जिलों में तेज गर्मी के मद्देनजर प्रशासन व्यवस्थाएं कर रहा है। सरहदी जिले जैसलमेर में लोकपाल योगेश गज्जा ने जिले के सभी विकास अधिकारियों सहित मनरेगा कार्य एजेंसियों को पत्र लिख कर कार्यस्थल पर प्राथमिक उपचार बॉक्स, पानी, छाया, इलेक्ट्राल और ग्लूकोज़ की पर्याप्त व्यवस्था करवाने के लिए कहा है।

भीलवाड़ा जिला कलेक्टर नमित मेहता ने लू और तापघात के रोगियों के बढ़ने की संभावनाओं को देखते हुये प्रभावी नियंत्रण और प्रबंधन कार्यवाही करने के लिए संबंधित विभागों को कार्य आवंटित किए हैं।

बालोतरा जिले में मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी ने सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रचार–प्रसार कर आमजन को गर्मी से बचाव के बारे में जानकारी दी जाए और रेपिडरिस्पांस टीम और नियंत्रण कक्ष बनाए जाए।

सवाईमाधोपुर जिले के बौंली थाना क्षेत्र में दिल्ली–मुंबई एक्सप्रेस वे पर आज सुबह एक हादसे में छह लोगों की मौत हो गई। मृतकों में तीन महिलाएं और तीन पुरुष शामिल हैं। हादसे में दो बच्चे घायल हुए हैं। कार सवार ये सभी लोग एक ही परिवार के सदस्य थे। पुलिस के अनुसार सीकर से ये लोग कार से रणथंभौर स्थित त्रिनेत्र गणेश मंदिर दर्शन करने जा रहे थे। इसी दौरान बनास पुलिया के पास हादसा हुआ। बौंली थाना अधिकारी धर्मपाल ने बताया कि हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। शवों को बड़ी मशक्कत करके बाहर निकाला गया। हादसे में घायल बच्चों को पहले बौंली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था, जहां से उन्हें जयपुर रैफर किया गया। हमारे सवाईमाधोपुर संवाददाता के अनुसार ये हादसा कैंटर की टक्कर से होना बताया जा रहा है।

चिकित्सा स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए राष्ट्रीय पात्रता–सह–प्रवेश परीक्षा–नीट आज देशभर में आयोजित की जा रही है। परीक्षा दो बजे से शुरू होगी। परीक्षार्थियों को दोपहर डेढ़ बजे तक ही परीक्षा केन्द्र में प्रवेश दिया जाएगा। इस साल देशभर के 557 शहरों और विदेश के 14 शहरों में 24 लाख से अधिक विद्यार्थी इस परीक्षा में शामिल हो रहे हैं।

अंतर्राष्ट्रीय हास्य दिवस पर आज प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। जयपुर के मानसरोवर में सिटी पार्क में हास्य प्रतियोगिता रखी गयी। इसमें लोगों को हंसने, मुस्कुराने और खुश रहने के लिए प्रेरित किया गया। जयपुर ग्रेटर नगर निगम की महापौर सौम्या गुर्जर सहित कई गणमान्य लोगों ने इसमें शिरकत की। सेंट्रल पार्क में भी हास्य आधारित कार्यक्रम आयोजित हुआ। वहीं पाली के लाखोटिया उद्यान में लोगों ने विशेष कार्यक्रम में भाग लेकर ठहाके छोड़े। भरतपुर के विश्व शास्त्री पार्क में हंसी ठिठोली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रातः काल भ्रमण पर आने वाले लोगों ने अपने–अपने अंदाज में हंसकर और मुस्कुरा कर जीवन शैली में

खुशियां लाने के लिए प्रेरित किया। बुजुर्गों ने हास्य व्यंग्य की कविताएं भी सुनाकर सभी को हंसने पर मजबूर कर दिया।

संत श्री सेन महाराज की जयंती के अवसर पर आज प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर धार्मिक आयोजन हो रहे हैं। जैसलमेर शहर में मुख्य मार्गों से शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा का शहर में विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। कोटपुतली—बहरोड़ जिले में बहरोड शहर के मसानी माता मंदिर से कलश यात्रा निकाली गयी। यात्रा के समापन पर कई प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। भरतपुर में श्री सेन जी महाराज के मंदिर में फूल बंगला झांकी सजाई गई है। इस अवसर पर शहर में शाम को शोभायात्रा निकाली जाएगी।
शाहपुरा में धानेश्वर तीर्थ स्थित नारायणी माता मंदिर में कार्यक्रम रखा गया है। वहां भी शोभायात्रा का आयोजन होगा।

प्रदेश में आखातीज और पीपल पूर्णिमा पर अबूझ सावे के चलते संभावित बाल विवाहों की रोकथाम के तहत जैसलमेर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष पूरन कुमार शर्मा ने लीगल एंड डिफेंस काउंसिल और पैरालिगल वालेंटियर्स के साथ बैठक की। बैठक में विद्यालयों, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों तथा अन्य सार्वजनिक स्थानों पर विधिक साक्षरता शिविर, रैली और अन्य कार्यक्रम आयोजित कर बाल विवाह के दुष्परिणामों की जानकारी देकर लोगों को जागरुक करने के निर्देश दिये गये।